दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 333 मुरादाबाद 05 April 2022 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 10 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## ममता बनर्जी बोलीं- भारत के आर्थिक हाल श्रीलंका से बदतर, केंद्र को दे दी नसीहत



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि भारत की आर्थिक स्थिति श्रीलंका से भी ज्यादा खराब है। उन्होंने इस परेशानी पर चर्चा करने के लिए केंद्र से सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की है। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रहे इजाफे पर केंद्र से सवाल किए। खास बात है कि श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे की सरकार अब तक के सबसे बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, %भारत की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। श्रीलंका में लोग विरोध के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। आर्थिक स्थिति खराब है। भारत के आर्थिक हालात बदतर हैं।% हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह श्रीलंका के साथ भारत की तुलना नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि केंद्र को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल और जबरन लोकतंत्र को नियंत्रित करने के बजाय समाधान खोजना चाहिए कि इस संकट से कैसे पार होंगे। बीरभूम नरसंहार के पीड़ितों के परिवारों को नियुक्ति पत्र देने के बाद सीएम बनर्जी ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, कोई योजना नहीं है। ईंधन की कीमतें 13 दिनों में 11 बार बढ़ी हैं। प्रोविडेंट फंड पर ब्याज कम हो गया है। रेलवे से लेकर बैंक तक सबकुछ बिक गया है। कई राज्यों को उनके हिस्से का जीएसटी नहीं मिल रहा है। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने बताया कि उन्हें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल से बात हुई। उन्होंने कहा कि वे शिकायत कर रहे थे कि केंद्र उनके राज्य के हिस्से का जीएसटी नहीं दे रहा है। उन्होंने यूक्रेन से लौटे छात्रों को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, सरकार के पास उन छात्रों को देने के लिए कोई पैसा नहीं है, जो यूक्रेन से लौटे हैं। केंद्र क्यों छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखने की अनुमति नहीं दे रहा है? मैंने केंद्र को पत्र लिखा है। यह मेरा दुर्भाग्य है। अगर हम वहां होते (केंद्र में) तो हमें यह साफ करने में एक मिनट लगता।% विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मार्च में राज्यसभा मे बताया था कि यूक्रेन से करीब 22 हजार 500 छात्र लौटे हैं।

### सरकार के खिलाफ सीएम बनर्जी ने खोला है मोर्चा!

मार्च में बनर्जी ने गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों और विपक्षी दलों को पत्र लिखा और बैठक बुलाने का आह्वान किया था। उन्होंने आरोप लगाए थे कि भाजपा देशभर में सियासी विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है।उन्होंने कहा, कई मुख्यमंत्री शिकायत कर रहे हैं। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्हें जीएसटी का हिस्सा नहीं मिल रहा है। महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को राज्यों के राज्यपाल के साथ परेशानियां हैं। सभी राज्यों को साथ आना होगा। अगर राज्यों के बीच तालमेल होगा, तो हम अपनी मांगें उठा सकते हैं।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुरू किया प्रदेशव्यापी स्कूल चलो अभियान, बोले- बेसिक शिक्षा सुधरी तो दुरुस्त होगी आगे की राह



लखनऊ- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल में स्कूल चलो अभियान को मिशन के रूप में लिया है। उनका लक्ष्य साक्षरता दर में पिछड़े जिलों को मुख्यधारा में लाने का है। इसी क्रम में उन्होंने साक्षरता दर में सबसे पिछड़े जनपद श्रावस्ती से प्रदेशव्यापी स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूसरी पारी में प्रदेश की प्राइमरी तथा बेसिक शिक्षा के स्तर को सुधारने के साथ ही सभी जिलों में सारक्षता दर को आगे बढ़ाने की मुहिम छेड़ दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश के सबसे कम साक्षरता दर वाले श्रावस्ती जिले से राज्य भर में स्कूल चलो अभियान शुरू किया। इनका लक्ष्य श्रावस्ती के साथ प्रदेश के अन्य पिछड़े जिलों को साक्षरता की मुख्यधारा में लाने का है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा की बुनियाद को मजबूत करने के लिए प्रदेश की बेसिक शिक्षा को दुरुस्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि व नागरिक स्कूलों को गोद लें। हम-आप मिलकर शिक्षक सुधार करेंगे। शिक्षकों के साथ जनप्रतिनिधि व नागरिक शैक्षिक सुधार पर काम करें। एक-एक स्कूल गोद लें। वहां हर बुनियादी सुविधा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा सुधरी तो आगे की शिक्षा भी दुरुस्त हो जाएगी। उन्होंने कहा वर्ष 2017 से पूर्व परिषदीय स्कूल बदहाल थे। पढ़ने-लिखने का माहौल ठीक नहीं था। इसे पटरी पर लाने के लगातार प्रयास हो रहे है। मिशन कायाकल्प के तहत स्कूलों की तस्वीर बदली जा रही है। हमारे स्कूल दिखने में सुंदर हो यह जरूरी है। स्कूल में व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ हमें छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पर भी काम करना है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि शत प्रतिशत बच्चे नियमित रूप से स्कूल आएं। इसके लिए अभिवाकों को प्रेरित करें। शिक्षक घर-घर जाकर अभिवाकों से बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कहें। कोई बच्चा स्कूल नहीं आया है तो उनका कारण जाने। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि मेरा सभी शिक्षकों से आग्रह है कि अगले एक महीने में चलने वाले इस अभियान में घर-घर जाकर दस्तक दीजिए और पूछिए कोई बच्चा ऐसा तो नहीं है जो स्कूल जाने से वंचित रह गया हो। उस बच्चे को स्कूल ले जाना, स्कूल में उसका रजिस्ट्रेशन कराना, उसे यूनिफॉर्म, किताबें, बैग आदि सुविधाएं उपलब्ध कराएं। अगर इनको सारी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी तो बच्चे दौड़ कर स्कूल पहुंचेंगे और हमारा अभियान भी पटरी पर आएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान हमारी सरकार का बड़ा अभियान है। हमने कोरोना के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी है। इस दौरान भी शिक्षा का काम जारी रहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कोरोना संक्रमण काल में सबसे ज्यादा शिक्षा प्रभावित हुई। इसके बाद भी आनलाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमको तो यह पता है कि जब व्यक्ति शिक्षा प्राप्त करने के बाद सक्षम होगा तो समाज भी सक्षम होगा। जब समाज सक्षम होगा तो फिर सक्षम राष्ट्र का हमारा सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर बच्चे के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। प्रदेश में स्कूल चलो का प्रदेश व्यापी अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। उन्होने कहा कि शिक्षा ही जीवन में परिवर्तन लाती है। प्रदेश में बेसिक शिक्षा पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। हम दो वर्ष बाद इस स्कूल चलो अभियान से जुड़ रहे हैं। इस बड़े अभियान की शुरुआत से मुझे खुशी है।

### आने वालों से ज्यादा संख्या स्कूल छोड़ने वालों की थी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले स्कूल आने वालों से ज्यादा संख्या स्कूल छोड़ने वालों की थी। अब स्कूल चलो अभियान से स्थिति में काफी सुधार है। 2017 में परिषदीय स्कूलों में कुल नामांकन 1.34 करोड़ था। यह बढ़कर अब 1.80 करोड़ पहुंच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर बच्चे के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। प्रदेश में स्कूल चलो का प्रदेश व्यापी अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। उन्होने कहा कि शिक्षा ही जीवन में परिवर्तन लाती है। प्रदेश में बेसिक शिक्षा पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। हम दो वर्ष बाद इस स्कूल चलो अभियान से जुड़ रहे हैं। इस बड़े अभियान की शुरुआत से मुझे खुशी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावस्ती में इकौना के जयचंदपुर कटघरा गांव में बेसिक स्कूल से स्कूल चलो अभियान को गति दी। यहां पर मुख्यमंत्री का करीब एक घंटे का कार्यक्रम था। उनके साथ बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के साथ बेसिक शिक्षा विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद थे। दस बजे प्राथमिक विद्यालय जयचंदपुर कटघरा से उन्होंने प्रदेश व्यापी स्कूल चलो अभियान को फ्लैग आफ किया।

## जयंती पर माखनलाल चतुर्वेदी को याद किया गया "क्रांति दृष्टा थे कवि माखनलाल चतुर्वेदी"



तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली --अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत द्वारा कवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर कीर्ति नगर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रांतीय संरक्षक व बरेली कॉलेज बरेली के प्राचार्य डॉ एन एल शर्मा ने गोष्ठी की अध्यक्षता की ।शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ नवल किशोर गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में पधारे। प्रांतीय अध्यक्ष साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा माखनलाल चतुर्वेदी एक क्रांति दृष्टा कवि थे। देश प्रेम से ओतप्रोत उनकी क्रांतिकारी कविताओं ने लोगों के दिलों में आजादी की ज्वाला भरने का काम किया। प्रांतीय संयुक्त मंत्री रोहित राकेश ने कहा माखनलाल चतुर्वेदी जी की कालजई कविता की पंक्तियां देश को स्वतंत्रता के इतिहास में अमर हो गई । वह कुछ इस प्रकार थी मुझे तोड़ लेना वनमाली! उस पथ पर देना तुम फेंक,मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जावें वीर अनेक प्रांतीय उपाध्यक्ष गंगाशील महाविद्यालय की निदेशक डॉ शशि वाला राठी ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी एक कवि होने के साथ-साथ एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे । असहयोग आंदोलन के दौरान वह कई बार जेल गए ।आज वह हमारे मध्य नहीं हैं मगर अपनी कालजई रचनाओं के माध्यम से बे सदैव हमारे अमर रहेंगे। मुख्य अतिथि डॉ नवल किशोर गुप्ता ने कहा कि साहित्य समाज को रचनात्मक दिशा देने का कार्य करता है ।बह संस्कारों और संस्कृति का वाहक होता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ एन एल शर्मा ने कहा कि जिन लोगों ने देश की स्वतंत्रता के लिए कलम को अपना हथियार बनाया उनमें कवि माखनलाल चतुर्वेदी का नाम अग्रिम पंक्ति में शामिल है। जब जब स्वाधीनता संग्राम की बात होगी उनका सदैव स्मरण किया जाएगा । प्रांतीय उपाध्यक्ष आनंद गौतम , कोषाध्यक्ष दीपांकर गुप्त ने इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत काव्य पाठ कर गोष्ठी में समा बाँध दिया ।गोष्ठी का संचालन कवि रोहित राकेश ने किया ।डा दीपान्कर गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## बाल्मीकि समाज ने रोटरी भवन में होली समारोह का आयोजन किया जिसमें भाजपा सरकार से राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना का सम्मान किया

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज रजि . 1207 भावाघस बरेली के तत्वाधान में रोटरी भवन सिविल लाईन्स बरेली पर वाल्मीकि समाज का होली मिलन एवं माननीय डा . अरूण सक्सेना जी मन्त्री स्वतन्त्र प्रभार उ.प्र . सरकार का अभिनन्दन समारोह जिला अध्यक्ष सुमित कठेरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष गोविन्द बाबू वाल्मीकि ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में डा . अरुण सक्सेना जी मन्त्री स्वतन्त्र प्रभार उ.प्र . सरकार जी रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनीष अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व क्षेत्रीय मंत्री ब्रजक्षेत्र भाजपा उ.प्र . श्री उमेश कठेरिया जी



उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा . अरूण सक्सेना जी एवं विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल जी ने भगवान वाल्मीकि एवं भारत रत्न बाबा साहब डा . भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र के सम्मुख पुष्पाजंलि अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया । तत्पश्चात् भावाधस के प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र . उमेश कठेरिया एवं प्रदेश महामंत्री उ.प्र . विजय वाल्मीकि नामित पार्षद ने मुख्य अतिथि डा . अरूण सक्सेना जी व विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल जी को समस्त वाल्मीकि समाज की ओर से फूल माला पगड़ी व शॉल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह मेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा . अरूण सक्सेना जी ने कहा कि सनातन धर्म के जन्मदाता भगवान वाल्मीकि जी हैं । उन्होंने रामायण महाग्रन्थ की रचना कर भगवान राम एवं सनातन संस्कृति से पूरे विश्व को परिचित करवाया एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान की रचना कर भारतवर्ष को पूर्ण किया और सबको समान अधिकार प्रदान किये बाबा साहब द्वारा रचित संविधान द्वारा प्राप्त अधिकारों से न सिर्फ मैं विधानसमा पहुँचा बल्कि भाजपा भी विश्व का सबसे राजनैतिक दल बन सका । मैं और समस्त भाजपा संगठन समस्त वाल्मीकि समाज का सदैव ऋणी रहेगा ।

## बांदा जनपद में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम हुआ

अविनाश चंद्र दीक्षित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश के श्रावस्ती में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम में शामिल हो बताया की पहले स्कूल की क्या स्थित थी अब कैसी हो गई है। इसके साथ ही मुख्य मंत्री जी ने अध्यापकों को बताया की साल में कम से कम चार बार बच्चो के माता पिता से मिटिंग करे ।क्लास टीचर अपने क्लास के बच्चों के माता पिता से संपर्क में रहते हुए बच्चों के विकास के बारे में चर्चा करते हुए बराबर स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करे। इसी क्रम में आज बांदा जनपद के कनवारा ग्राम



पंचायत में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कनवारा में सुबह दस बजे से जिला अधिकारी अनुराग पटेल मुख्य विकास प्राधिकरण बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित होकर माननीय मुख्यमंत्री जी के स्कूल चलो अभियान का सीधा प्रसारण कराया गया। आज इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री राम केश निषाद जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल सदर विधायक प्रकाश दिवेदी ने कनवारा पहुंच कर कारक्रम में चार चांद लगा दिए। आज के इस कारक्रम का श्री गणेश करते हुए जिला अधिकारी अनुराग पटेल ने विद्यालय प्रांगण में स्थित मां सरस्वती की मूर्ति की पूजा अर्चना वा दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की बच्चियों ने सभी माननीय सज्जनों का स्वागत करते हुए स्वागत गीत गा कर किया। जिला अधिकारी अनुराग पटेल ने बताया की स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम पूरे बांदा जनपद में हो रहा है। जिसे जिले के 101अधिकारी अपनी देखरेख में करा रहे हैं। साथ ही यह भी बताया गया की हर अधिकारी दो दो विद्यालय गोद लिए है अधिकारियों द्वारा गोद लिए 202 स्कूल की देख रेख में है। शेष बचे विद्यालय भी जल्द गोद ले लिए जायेगे। जिससे पूरे बांदा जनपद के विद्यालय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय जैसे बन जायेगे। इसी क्रम में माननीय मंत्री जी ने स्वागत गीत गाने वाली पांचों बच्चियों को पुरुस्कार स्वरूप पांच पांच सौ रुपए नगद देकर उनका उत्साह वर्धन किया इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने भी ग्यारह सौ रुपए नगद पुरस्कार दिया इनके साथ आए बबेरू विधान सभा से चुनाव लडे अजय पटेल ने भी पुरुस्कार स्वरूप पांच सौ रुपए नगद देकर बच्चियों का उत्साह वर्धन किया।

WWW.KNSLLIVE.COM

## योगी सरकार को चुनौती देते ऐसे अध्यापक गण

अविनाश चंद्र दीक्षित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा से है जहां पर योगी सरकार की छवि को धूमिल करने का कार्य किया जा रहा है। आपको बता दे कि योगी सरकार में जनता को लाभ पहुंचाने के लिए योजनाएं तो बहुत चला रही है। योगी आदित्यनाथ की सरकार में अच्छा कार्य किया जा रहा है लेकिन आपको बताते चले कि जनपद बांदा के ग्राम पंचायत कुचौली प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट क्षेत्र कमासिन जनपद बांदा के विद्यालय का हाल कुछ यही बयां कर रहा है। इस विद्यालय की प्रधानाचार्या सारिका शुक्ला के चर्चे भी जिले भर में है लेकिन किसकी हिम्मत की उनके खिलाफ कोई आवाज उठाए। बताते चले कि जब स्कूल का हालचाल जानने के लिए मीडिया बंधु पहुंचे तो पाया गया कि बच्चो को दूध नही



मिलता फल नही मिलते और मिलता भी है तो कभी कभार वो भी जब प्रधानाचार्या महोदय स्कूल आती है ।और उनका स्कूल आना कभी कभार ही होता है। ग्रामीण लोग भी सारिका शुक्ला से त्रस्त हो गए और वहां के कर्मचारी अध्यापक भी उनके खिलाफ कुछ ज्यादा नही बोल सके। लेकिन बच्चो ने सारी पोल खोल कर रख दी। बच्चो ने साफ साफ कह दिया कि हमे कभी कभार ही दूध और फल दिए जाते हैं और प्रधानाचार्या कभी कभार ही विद्यालय आती है। वहां पर उपस्थित राजा विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य भी रहे मौजूद जिन्होंने साफ साफ शब्दों में बताया कि इस विद्यालय की हालत बहुत खराब है और बच्चो का भविष्य अंधकार में डाला जा रहा है। मेरे यहां पर कई बार आने पर भी प्रधानाचार्या सारिका शुक्ला उपस्थित नही मिली अब देखना यह है कि क्या योगी सरकार की छवि ऐसे लोगो की वजह से धूमिल होती रहेगी या फिर शासन प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही करेगा।

## दारोगा को कार्य में लापरवाही के चलते लाइन हाजिर कर दिया

अमरदीप कुशवाहा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-( पांचाल नगर ) विभागीय कार्यों का समय से निस्तारण ना करनें में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें एक दारोगा को कार्य में लापरवाही के चलते लाइन हाजिर कर दिया पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थाना मेरापुर मे तैनात उप निरीक्षक दिलीप कुमार कंचन पर कार्य में लापरवाही की गाज गिरा दी उन्हें विवेचनाओं का समय से निस्तारण न करनें का दोषी पाया गया7 जिसके बाद एसपी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया

**अन्य खबरों के लिए देखे**

**WWW.KNLSIVE.COM**

## श्री शिव मिगलानी जी की पुस्तक का विमोचन मिगलानी सेलिब्रेशन में किया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-श्री शिव मिगलानी जी की पुस्तक का विमोचन आज मिगलानी सेलिब्रेशन में किया गया पुस्तक का विमोचन श्री माहेश्वर तिवारी, डा मक्खन मुरादाबादी, डा अजय अनुपम, श्री अजय यादव, के के गुप्ता आदि ने किया कार्यक्रम में डा अनिल सचदेवा, डा आशी खुराना, श्रीमती सरिता लाल, श्री अजय विश्नोई, श्रीमती किरण मिगलानी, श्रीमती सुनीता मिगलानी, श्रीमती हेमा तिवारी भट्ट, श्री डी पी सिंह, डा मनोज रस्तोगी, डा राकेश जैसवाल, डा आर एन बाजपई, श्री राजेंद्र कुमार टंडन, श्री मुनीश छाबड़ा, श्री विमल गोयल, श्रीमती शुभा गोयल, श्रीमती अर्चना सिंह, डा अनुज अग्रवाल, डा पंकज दर्पण , श्री दीपक बाबू सी ए, श्री कमल कुमार, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए एवं श्री शिव मिगलानी जी के व्यक्तित्व पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन के के गुप्ता ने किया एवं आभार अभिव्यक्ति श्री कार्तिक मिगलानी ने की।

# सोमवार को पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- सोमवार को पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तर पर कायाकल्प के 19 पैरामीटर पूर्ण कश्रावस्तीरने वाले विद्यालय की श्रेणी में प्राथमिक विद्यालय अदलपुर ब्लॉक डिलारी की प्रधानाध्यापिका संयोगिता को उनके विद्यालय के कायाकल्प के सराहनीय कार्यों के लिए मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल , एम. एल. सी. गोपाल अंजान, मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया बता दें कि संयोगिता अदलपुर के प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2017 से कार्यरत है। विद्यालय के भौतिक परिवेश को आकर्षक बनाने और शैक्षिक गुणवत्ता को लेकर किये गये कार्यों के लिए वर्ष 2019 में विद्यालय को प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। कम्पोजिट ग्रांट और पंचायत निधि से विद्यालय में भौतिक परिवेश को आकर्षक बनाने के प्रयास किए गये है, इसके साथ ही संयोगिता ने अपने प्रयासों से विद्यालय के लिए प्रोजेक्टर की व्यवस्था की हैं। विद्यालय की सह अध्यापिका मीनाक्षी,रेनू और केशव कुमार के सामूहिक प्रयासों से गत सभी वर्षों में विद्यालय के नामांकन में निरंतर वृद्धि हुई हैं। संयोगिता इस उपलब्धि का श्रेय विभाग, मीडिया, स्कूल परिवार और ग्राम वासियों को देती हैं।

## हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से खेत में रखा गेहूं जला

मुरादाबाद-करनपुर गांव में हाइटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से खेत में रखा गेहूं जलकर राख हो गई। हादसे से गुस्साए गांव वालों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि सूचना देने के बाद भी घंटों तक लाइन की सप्लाई बंद नहीं की गई। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के करनपुर गांव के जाकिर हुसैन का पड़ोस के गांव कोंडरी में खेत है। खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। खेत में इस समय गेहूं काटकर उसको साफ करने का काम चल रहा था। सोमवार दोपहर हाईटेंशन लाइन के तारों से निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई और वहां रखा गेहूं जलकर राख हो गया। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। उन्होंने बताया कि लगातार तार टकराने से चिंगारी निकल रही थी। इसकी सूचना विभाग को दी गई थी इसके बाद भी लाइन बंद नहीं की गई।

## बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन में शायर डा. कृष्णकुमार नाज़ का हुआ सम्मान

मुरादाबाद-बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा सोमवार को पटना में आयोजित 41वें महाधिवेशन में मुरादाबाद के शायर डा. कृष्णकुमार नाज़ को लक्ष्मीनारायण सुधांशु स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उनके नये गीत-संग्रह %साथ तुम्हारे% का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ द्वारा उन्हें मानपत्र तथा अंगवस्त्र आदि सम्मानस्वरूप भेंट किए गए। कार्यक्रम में सम्मानित डा. कृष्ण कुमार नाज ने अपनी ग़ज़लें भी सुनाईं- क्या हुआ तुमको अगर चेहरे बदलना आ गया, हमको भी हालात के साचे में ढलना आ गया, रोशनी के वास्ते धागे को जलते देखकर, ली नसीहत मोम ने उसको पिघलना आ गया। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कपूर व न्यायाधीश संजय कुमार, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष नृपेंद्र नाथ गुप्त व सम्मेलन के प्रधान मंत्री डा. शिववंश पांडे, हिंदी सेवी डा. वेदप्रकाश वैदिक, पूर्व सांसद रवींद्र किशोर सिन्हा, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश दीक्षित व पं. विभूति मिश्र, कवि पंडित सुरेश नीरव मंच पर उपस्थित रहे। कवयित्री आराधना प्रसाद ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संचालन बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा. शंकर प्रसाद ने किया।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# ठाकुरद्वारा में पालिका का ट्यूबवेल हुआ फ़ेल, मचा हाहाकार



मुरादाबाद-रमजान और नवरात्र के मौके पर नगर पालिका परिषद का ट्यूबवेल फेल हो जाने से पेयजल के साथ पूरे शहर में गंदा पानी की आपूर्ति की गई। रोजेदारों और व्रत रखने वालों में इसे लेकर नाराजगी हो गई। लोगों ने तत्काल जल आपूर्ति सुधारने की मांग की है।रविवार की दोपहर नगर के बीआरसी के निकट स्थित पालिका परिषद का ट्यूबवेल अचानक फेल हो गया। पेयजल आपूर्ति में मिट्टी युक्त गंदा पानी आने से पूरे शहर में हाहाकार की स्थिति बन गई। सोमवार की देर शाम तक पेयजल आपूर्ति में कोई सुधार नहीं हो पाया है। लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। रोजेदारों और व्रतियों में इसे लेकर तीव्र आक्रोश है। व्यापारियों और महिलाओं ने तत्काल पेयजल आपूर्ति में सुधार की मांग की है।

रमजान और नवरात्र के दौरान पेयजल की किल्लत होना बहुत ही दुखदाई है। 24 घंटे बाद भी जल आपूर्ति में सुधार न होने से पालिका की लापरवाही साफ नजर आती है।-**हाजी रईस खान, व्यापारी नेता**

नवरात्रि के दौरान पेयजल की आपूर्ति में सुधार न किया जाना पालिका की घोर लापरवाही दर्शाता है। तत्काल पेयजल आपूर्ति में सुधार करने की मांग की है। -**संजीव कुमार सिंघल**

नगर पालिका परिषद की जिम्मेदारी है कि रमजान,नवरात्र के दौरान पेयजल की किल्लत ना होने दें। रोजेदारों को पेयजल की वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।-**सलमा आगा, पूर्व पालिका अध्यक्ष**

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Crisis in pakistan

The deepening of political crisis in Pakistan is not only shameful but also sad. From technology to money, dependent on the countries of the world for every little thing, Imran Khan's government in Pakistan has blamed foreign powers for avoiding the vote of no confidence. In the midst of a strange situation, the Parliament has been dissolved on Sunday and now if all goes well, elections will be held in 90 days. When Parliament was to vote on the no-confidence motion, the Deputy Speaker of Parliament rejected the motion, citing foreign conspiracy. However, it is clear that there the government has lost the confidence of Parliament and has taken this step to save itself in power for a few more days. Now Imran Khan will try his best to make the so-called foreign forces an issue and go to the elections and seek votes from the people. Will the voters of Pakistan believe in Imran Khan? The indication is clear that the upcoming elections in Pakistan will be very dramatic. There will be a barrage of big claims and promises. Today Pakistan is surrounded by very sad questions. Is America really engaged in toppling Imran Khan's government? In this matter, Pakistan will never point fingers at its closest friend China and as far as India is concerned, India has never played a role in toppling or forming the government in Pakistan. Overall, experts are also agreeing that Imran is blaming his shortcomings on foreign powers. There is no doubt that whichever country Pakistan blames, its relations with that country will deteriorate further. Well, the arguments of the Pakistani Prime Minister have not been accepted by the opposition and the opposition seems to be adamant not only in the dismissed Parliament, but has also reached the Supreme Court. The Chief Justice of Pakistan has rightly constituted a special bench to hear the matter in a hurry. Bilawal Bhutto Zardari, leader of the opposition party Pakistan Peoples Party, says that the Imran government has blown up the constitution. For at least fifteen days it was quite clear that the opposition was strong in numbers and the division in the ruling party had grown to such an extent that it could not be repaired. Imran Khan, who failed to maintain a majority by law, should have resigned as prime minister or voted after a vehement attempt to take Parliament into confidence, but he tried this simple method of retaining power by not coming to parliament. But the opposition is also not going to give up, the entire opposition is unitedly demanding constitutional rights. The atmosphere of mistrust that has been created in Pakistan cannot be removed suddenly. The temptation of power has its place, but to keep the power in a democracy, majority is more important than that. However, it is a good thing that the Pakistani army is behind the scene, otherwise it has often been seen in conspiracies to grab power on such political occasions. This Jamhooriyat choice is a better opportunity for Pakistani leaders to show full responsibility and create ideal conditions for majority rule. True Jamhooriyat in Pakistan is beneficial not only for South Asia, but for the world.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Sonam Kapoor did maternity photoshoot, flaunted baby bump, see pictures

Bollywood actress Sonam Kapoor is in a lot of headlines due to the news of her pregnancy. Recently she announced her pregnancy by sharing a picture. Now she has shared pictures from the maternity photoshoot, in which she is seen flaunting the baby bump. These maternity pictures have been shared by the actress on her official Instagram account. The pregnancy glow is clearly visible on her face in the pictures. In these pictures, Sonam Kapoor is seen in a new avatar wearing Abu Jani Sandeep Khosla's dress. In the photos, Sonam is seen posing in a sleeveless blouse and wearing a white color saree. Also sharing photos in the actress told that her sister Riya Kapoor has styled her look. These pictures of Sonam Kapoor are being well-liked on Instagram. It has been only a few hours since the photos were shared on social media. But many thousands of people have liked the photos. Celebs also lavished love - while Bollywood celebs are also very fond of these pictures. Anil Kapoor expressed his happiness by commenting and praising his incarnation, whereas, after Sonam's official announcement of her pregnancy, her father Anil Kapoor shared pictures on social media. Was. Thanking Anand and Sonam, he wrote, 'Now I am preparing to play the funniest role of my life, which is that of Nana. Our lives are not going to be the same anymore and I can't be more thankful for anything. Apart from Anil Kapoor, the actress' sister Riya Kapoor and family members also expressed their happiness by sharing the post. Let us tell you, after dating each other for a long time, actress Sonam Kapoor and London-based businessman Anand Ahuja tied the knot on May 8, 2018. Sonam and Anand were married at the house of the actress's maternal grandmother. Now Sonam Kapoor and Anand Ahuja are going to become parents after almost 4 years of their marriage.



# TV actress Vibhuti Thakur's phone number leaked, obscene calls and messages started coming

Tera Yaar Hoon Main Serial fame Vibhuti Thakur is the latest victim of cybercrime. By posting a post on his Instagram, Vibhuti told that someone has circulated his number. Not only this, the screenshot is accompanied by a lewd caption, which reads that sex chat with Vibhuti and harass him by calling. Vibhuti has also informed on Insta that he has decided to file a complaint against this Insta page. Vibhuti is very upset. They are getting calls from people who are talking bad things. Let us tell you that Vibhuti has worked in serials like Sasural Genda Phool and Bandini. Vibhuti further wrote that he is getting messages and calls, so he has decided to file a complaint against the Insta page which has done so. He has also written that action will be taken against all those numbers who are messaging him. By sharing that page, he has requested everyone to complain about this account.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


# रोडवेज बस बैक करते समय बस में दौड़ गया करंट, चालक की मौत

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा रोडवेज बस को बैक करते समय घरेलू लाइन का तार बस की चपेट में आ गया। इससे बस में करंट दौड़ गया। जूता में चोबा लगा होने के कारण रोडवेज चालक को करंट लग गया। वह अचेत होकर नीचे गिर पड़ा। इसमें चालक की मौत हो गई। बस में बैठी सवारियों में हड़कंप मच गया। सवारियों को आनन-फानन में नीचे उतारा गया। राठ डिपो का चालक राजेन्द्र प्रसाद ( 50 ) पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी अकबरपुर इटौरा जालौन दिल्ली से सवारी लेकर चित्रकूट जा रही थी। सैंथरी से पहले शनिवार रात को बस रोककर सभी ने खाना खाया था। खाना खाने के बाद सवारियों को लेकर चलने लगा। बस कुछ दूर ही पहुंच पाई। चालक राजेन्द्र प्रसाद ने मोबाइल देखा। उसका मोबाइल नहीं मिला। चालक ने ढाबा पर ही मोबाइल को छोड़ दिया। मोबाइल लेने के लिए गांव सैंथरी के पास बस मोड़ रहा था। सैंथरी के पास कुछ लोग दुकान चलाते है उजाले के लिए घरेलू लाइन डाल रखी है। बस बैक करते हुए तार टूटकर कर बस पर गिर पड़ा। बस में करंट दौड़ गया। तार नीचे भी गिर गया। बताया जा रहा है कि चालक के जूता में चोबा फंसा हुआ था। नीचे कूदने से चोबा में अर्थ आ गया। चालक को करंट लग गया। करंट लगने से चालक अचेत होकर गिर पड़ा। जानकारी पर सैंथरी चौकी प्रभारी महिपाल सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और सवारियों को नीचे उतारा। चालक राजेन्द्र प्रसाद को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# बलिया में जिला प्रशासन के खिलाफ पत्रकारों के बगावती तेवर

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -बलिया में जिला प्रशासन के खिलाफ पत्रकारों के बगावती तेवर पत्रकारों की गिरफ्तारी के विरोध में सड़को पर उतरे बलिया के सैकड़ो पत्रकार। प्रसासन द्वारा फर्जी मुकदमें लादकर पत्रकारों की गिरफ्तारी का किया विरोध काली पट्टी बाधकर पत्रकारों नें नगर भम्रण करते हुए जताया विरोध नगर भ्रमण के बाद जिला कलेक्टर पर धरने पर बैठे सभी पत्रकार मामले की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्यवाई की मांग को लेकर सौपेगे राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन। अंग्रेजी पेपर लीक मामले में बलिया के तीन पत्रकारों की हुई थी गिरफ्तारी। पत्रकारों से खुद छुरू और DIOS नें मांगा था वायरल प्रश्नपत्र। फिर प्रसासन नें बलिया के तीन पत्रकारों की मुकदमा दर्ज की थी गिरफ्तारी।

# जनपद के मा0 जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्कूल चलो अभियान का किया गया शुभारंभ

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -विकासखण्ड निधौलीकलां क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय किशोरपुर पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में बस्ती जिले में आयोजित कार्यक्रम का जनपद के सभी 1691 विद्यालयों में हुआ सजीव प्रसारण जनपद स्तरीय, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की स्कूल चलो अभियान में मदद लेकर अभियान को सफल बनाया जाए क्षेत्र के शतप्रतिशत बच्चों का स्कूल में हो नामांकन, प्रत्येक विद्यालय में एक स्मार्ट क्लाशरूम अवश्य होना चाहिए निधौलीकलां विकासखण्ड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय किशोरपुर में क्षेत्रीय विधायक वीरेन्द सिंह लोधी,आशीष कुमार यादव, संदीप जैन, जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, सीडीओ डा0 अवधेश कुमार वाजपेयी, बीएसए संजय सिंह आदि की उपस्थिति में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया

# ईसन नदी के पुनरुद्धार कार्यक्रम का फावड़ा चलाकर उद्घाटन कर आम जनता से सहयोग की अपील की



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ईसन नदी बचाओ अभियान के तहत विकास खण्ड निधौलीकलां की ग्राम पंचायत मनोरा के गांव किशोरपुर - नगला गोदी पर ईसन नदी के पुनरुद्धार हेतु फावड़ा चलाकर श्रमदान का शुभारंभ किया गया एवं नदी आने वाली पीढ़ियों के लिए कितनी आवश्यक है इस विषय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया तथा क्षेत्र के किसान, मजदूर भाइयों से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए अपील की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से :- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, जिलाधिकारी एटा अंकित कुमार अग्रवाल, सदस्य विधान परिषद आशीष कुमार आशू, विधायक मारहरा वीरेंद्र लोधी, मुख्य विकास अधिकारी सहित जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों सहित अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र शास्त्री - तेज सिंह वर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, राजकिशोर राज कवि, अर्जुन उर्फ कल्लू, निर्मल कुमार, अक्षय कुमार, अजय, विकास सहित सैकड़ों श्रमिक साथी उपस्थित रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

# पंचायत घर और सामुदायिक शौचालयों की जमीन खरीदेगी ग्राम पंचायतें

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शासनादेश के अनुसारऊजनपद की जिन ग्राम पंचायतों में अब तक पंचायत घरों एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण जमीन के आभाव में नहीं हो सका है। उन ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तर से जमीन खरीद कर पंचायतघर एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। इसका मुख्य कारण है कि जनपद के प्रत्येक पंचायतघर एवं शौचालयों को 100 दिनों के अंदर शुरु किया जाना है। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार लखनऊ से प्राप्त आदेशों के अनुसार जनपद की जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत घरों एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण जमीन न मिलने के कारण नहीं हो सका है। ऐसी ग्राम पंचायतें स्वयं राज्य वित्त, 15 वे वित्त आदि मदों से ग्राम पंचायत में पंचायत घर एवं सामुदायिक शौचालय बनवाने के लिए जमीन खरीदेगी। जमीन खरीदने के साथ पंचायत घर एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने के साथ उनको 100 दिनों के अंदर ही शुरू भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद के आठों ब्लॉक की 18 ग्राम पंचायतों में पंचायत घरों का निर्माण जमीन न मिलने का कारण नहीं हो सका है। इसके अलावा 17 ग्राम पंचायतों में जगह न मिलने कारण सामुदायिक शौचालयों का निर्माण नहीं हो सका है। इन सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सचिव को निर्देश दिए गए है कि वह जल्द से जल्द जमीन खरीदने के साथ पंचायतघरों एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण शुरु करा दे। जिससे कि 100 दिन के अंदर इन्हे शुरू किया जा सके।

# डीएसओ कार्यालय से बता डीलर से साइबर अपराधी ने की ठगी

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- डीएसओ कार्यालय का बताते हुए डीलर से साइबर अपराधी ने हजारों रूपये ठग लिए। बाद में बेटे को नौकरी का झांसा देकर पीड़ित से रूपये ठग लिए। पीड़ित ने थाना जलेसर में तहरीर दी है। कोतवाली जलेसर के गांव नूहखांस निवासी राजेन्द्र सिंह कोटा डीलर है। तीस मार्च को एक कॉल आई थी। इसने अपने-आप को डीएसओ कार्यालय का बताया। दुकान निलंबन की धमकी देते हुए पांच हजार मांगे। बाद में साइबर अपराधी ने बातों में उलझाकर डीलर के बेटे की नौकरी डीएसओ कार्यालय में लगवाने का झांसा दिया। पीड़ित आरोपी के झांसे में आ गया। तीस मार्च को बारह हजार पांच सौ रूपये डाल लिए। अगले दिन कॉल कर साइबर अपराधी ने बताया कि ज्वाइंन लैटर तभी भेजेंगे। साठ हजार रूपये खाते में डाले। गूगल पे के माध्यम से पीड़ित ने साठ हजार रूपये भी डाल लिए। आरोपी का नंबर नहीं उठ रहा है। पीड़ित ने कोतवाली जलेसर में तहरीर दी है

# आंखों में रोशनी लौटाने को मेडिकल कालेज में हो रहे ऑपरेशन

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के नेत्र विभाग में आंखों की रोशनी लौटाने को मोतिया बिन्द के ऑपरेशन हो रहे है। नेत्र विभाग के चिकित्सक डा. सत्यम गुप्ता एवं डा. प्रियंका द्विवेदी ने यह पहल अप्रैल 2021 से शुरू की है। उसके बाद से लगातार बुजुर्गो की आंखों में हुए मोतिया बिन्द के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। नेत्र विभाग के वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डा. सोहन लाल शर्मा ने बताया कि डा. सत्यम गुप्ता, डा. प्रियंका द्विवेदी के आने से मेडिकल कालेज में मोतिया बिन्द ऑपरेशन के सफल ऑपरेशन किए जा रहे है। अप्रैल 2021 से दोनों नेत्र चिकित्सक मोतिया बिन्द ऑपरेशन कर रहे हैं। दोनों चिकित्सकों ने अब तक लगभग 750 बुजुर्गो की आंखों में हुए मोतिया बिन्द का ऑपरेशन कर रोशनी लौटाने का कार्य किया है। जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के गरीब महिला-पुरुषों के लिए ऑपरेशन कराने में बेहद आसानी हो गई है। अब तक वह मोतिया बिन्द का ऑपरेशन कराने के लिए अलीगढ़, आगरा, मथुरा, वृदांवन के प्राइवेट अस्पताल में यहां जाने को विवश थे। मेडिकल कालेज में नेत्र चिकित्सक आने के बाद से जनपद के लोगों को ऑपरेशन कराने की सुविधा मिल गई है। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत मेडिकल कालेज में शनिवार को 6 मोतियाबिंद के मरीजों का आपरेशन होने के बाद विदाई दी गई। विदाई के दौरान डा. प्रियंका द्विवेदी एसआईसीएस विशेषज्ञ, डा प्रवीन कुमार जूनियर रेजीडेंट एवं मुख्य नेत्र परीक्षण अधिकारी सोहन लाल शर्मा मौजूद रहे


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## साइबर क्राइम व धोखाधड़ी से बचने करंजी पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-दतिमा मोड़- पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने हेतु ग्रामों-बाजारों में चलित थाना लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौड़ व सीएसपी जे.पी भारतेंदु के मार्गदर्शन में रविवार खरसुरा बाजार में चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी के द्वारा चलित थाना का आयोजन किया गया। चलित थाना में पुलिस ने ग्रामीणों को कानून, साइबर क्राइम, वर्तमान में हो रहे धोखाधड़ी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी। चलित थाना में ग्रामीणों की ओर से पुलिस विभाग से संबंधित कोई भी शिकायत अथवा समस्या नहीं होना बताई गई। चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी के द्वारा चलित थाने में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। प्रभारी श्री गोस्वामी ने वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। यातायात नियम, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों, विधिक जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है, किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा तैयार किए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में मौजूद महिलाओं-पुरूष को अवगत कराया। इस दौरान प्रधान आरक्षक पिंगल मिंज आरक्षक राजू तिवारी, मनमोहन विश्वकर्मा, इमरान खान, सत्यनारायण सिंह, वाहिद हुसैन, दीपक किस्पोट्टा व अन्य स्टाप मौजूद थे।

## जिपं सीईओ ने कुदरगढ़ में व्यवस्थाओं का किया मुआयना







रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आज जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने माँ बागेश्वरी धाम कुदरगढ़ का मुआयना किया। कुदरगढ़ धाम में पिछले कई वर्षों से चैत्र नवरात्र मेला का आयोजन किया जाता रहा है। लेकिन पिछले दो वर्ष से कोविड-19 कोरोना की वजह से मेला का आयोजन पूर्णतः बन्द कर दिया गया था। श्रद्धालुओ को इन दो वर्षो में माता के लाईव दर्शन करने को मिला। पूर्णतः बन्द के कारण पिछले दो वर्ष मेला का आयोजन नहीं होने के कारण इस वर्ष माता के दर्शन और मेला के आयोजन में अधिक भीड़ बढ़ने की संभावना है। इन्हीं सब व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिपं सीईओ कुदरगढ़ मेला स्थल पर पहुंचे। उन्होंने चैत्र नवरात्र के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो उसके लिए विभिन्न तैयारियों का मुआयना किया। सर्वप्रथम उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग व्यवस्था रूट अनुसार बेरीकेटिंग करने के निर्देश दिए। दूर-दूर से दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को शौचालय एवं नहाने की व्यवस्था के लिए पानी उपलब्धता के साथ सभी शौचालयों को सुचारू रूप से चालू रखने के निर्देश दिए। नहाने के लिए स्थान सुनिश्चित कर पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने भी कहा तथा समस्त शौचालयों में प्रभारी नियुक्त करने के लिए कहा जिससे वहां पंप, पानी एवं साफ सफाई की उचित व्यवस्था हो सके। दर्शन पश्चात वापस आकर आराम करने के लिए विश्राम स्थल का चिन्हांकन किया जहां पर पंखा एवं पीने योग्य पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जो श्रद्धालु ऊपर नहीं चढ़ पाते हैं उनके लिए प्रवेश द्वार पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाने के निर्देश दिए हैं जिससे श्रद्धालु माता के लाईव दर्शन कर सकें। उन्होंने सुरक्षा के लिए तैनात जवानों के रुकने वाले कक्षों का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने पंखा, कूलर व पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए साथ ही वहां पर गेस्ट हाउस में अच्छे पर्दे लगाने, पानी की पर्याप्त व्यवस्था एवं साफ, सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर उत्तम रजक, एसडीएम प्रकाश सिंह राजपूत, तहसीलदार ओड़गी, एसडीओपी गीता बांधवानी, एसडीओपी राजेश जोशी ओड़गी, ओड़गी थाना प्रभारी राम साय पैकरा, एसडीओ आरईएस अनिल कुमार मिश्रा सहित कुदरगढ़ न्यास ट्रस्ट के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## कबाड़ लोड पिकअप वाहन सहित 2 गिरफ्तार, थाना ओड़गी पुलिस की कार्यवाही



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- थाना प्रभारी ओड़गी को मुखबीर से सूचना मिली कि भैयाथान की ओर से अवैध कबाड़ लोड पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीएफ 4998 वाहन ओड़गी की ओर जा रहा है, जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश अग्रवाल को अवगत कराने पर उन्होंने तत्काल घेराबंदी कर पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना ओड़गी की पुलिस ने डुण्डी चौक में घेराबंदी कर पिकअप वाहन को रोकवाया, वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लोहे का कबाड़ लोड होना पाया, वाहन चालक श्याम सुन्दर एवं सुदामा ताम्रकार से कबाड़ के संबंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जो चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 41( 1-4 ) जा.फौ./379 भादवि के तहत कार्यवाही करते हुए 1 टन कबाड़ कीमत 25 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त कर आरोपी श्याम सुन्दर ताम्रकार पिता गौरीशंकर उम्र 24 वर्ष व सुदामा ताम्रकार पिता गौरीशंकर उम्र 22 वर्ष निवासी इन्दरपुर, थाना ओड़गी को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ओड़गी रामसाय पैंकरा, एएसआई गुड्डु कुशवाहा, प्रधान आरक्षक सोहर लाल पावले, आरक्षक जीतलाल व सैनिक विष्णु यादव सक्रिय रहे।

## थाना गौरेला पुलिस द्वारा IPL सटोरियो के घर की गई छापामारी की कार्यवाही



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जिला जीपीएम के पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल सर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरेला एवं स्टाफ के द्वारा मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 3 आई पी एल सटोरियों को ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए पकड़ कर उनके कब्जे से 1नग टीवी सेट टॉप बॉक्स, 03मोबाइल जप्त किया गया जिसमें बाकायदा बाहर से आये आई डी पासवर्ड का इस्तेमाल कर ऑनलाइन रूपए पैसे का ट्रांजेक्शन किया जा रहा था। इस हाई टेक सट्टा व्यापार में पकड़े गए आरोपी में- 1. दीपेशजायसवाल निवासी भट्ठाटोला गौरेला 2 .विजय जायसवाल निवासी भट्ठाटोला , 3 .हिमांशु साहू निवासी रेस्ट हाउस रोड उक्त तीनों के विरुद्ध थाना गौरेला में 4( क ) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही कर पृथक से 151 ष्क्षक्रष्ट के तहत कार्यवाही की गई है इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी गौरेला ,साइबर सेल एवं थाना गौरेला स्टाफ की अहम भूमिका रही।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## बोर्ड परीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा के सम्बन्ध में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2022 की आगामी तिथियों 4, 6, 9, 11 एवं 12 अप्रैल, 2022 को अत्यन्त महत्वपूर्ण संवेदनशील विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। प्रदेश के अन्य जनपदों में प्रश्न-पत्र लीक की घटना को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा और नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया तथा सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने का भी निर्देश दिया। उन्होने कहा कि उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जाय।उन्होने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने के दौरान प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाय तथा संवेदनशील परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण के समय स्ट्रांगरूम में लॉकबुक की व्यवस्था एवं रख-रखाव का निरीक्षण किया जाय तथा लॉकबुक रजिस्टर की भी जांच की जाए। संदिग्ध परीक्षा केन्द्र/संदिग्ध गतिविधियों/व्यक्तियों को चिन्हित कर ले, जिससे परीक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की सम्भावना हो तो उनके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

## कश्यप निषाद सभा ने समाज में सराहनीय कार्य करने वालों को किया सम्मानित



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-फर्रुखाबाद कश्यप निषाद सभा ने समाज में सराहनीय कार्य करने वालों को किया सम्मानित कश्यप निषाद सभा ने समाज में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने समाज की एकता पर जोर दिया। पूर्व में निकाली गई शोभायात्रा को सफल बनाने पर भी साथियों के हौसले बढ़ाए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 5 अप्रैल को पांचालघाट स्थित महर्षि कश्यप ऋषि आश्रम पर सुबह 11 बजे हवन पूजन होगा और शाम को सभी लोग अपने घरों में दीप जलाकर जयंती मनाएंगे।

## दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक रमेश थाना को0 भिनगा व हमराह द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 97/2022 धारा 363,376,323,504 भा0द0वि0 व 3/4 पोक्सो अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त माता प्रसाद उर्फ खंटू पुत्र ननकऊ निवासी नौवायक्ष को मुखबिर की सूचना पर मंगल भड्डा कस्बा भिनगा से गिरफ्तार किया ।

## कब्रिस्तान पर कब्जा करने वालों को योगी के बुलडोजर ने सिखाया सबक

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-कब्रिस्तान पर कब्जा करने वालों को योगी के बुलडोजर ने सिखाया सबक, दशकों पुराने मकानों को किया जमींदोज कब्रिस्तान के मुतबल्ली मो. हुसैन का अबैध कब्जेदारों से कोर्ट में विवाद चल रहा था। जिसमे मो. हुसैन मुकदमा जीत गये थे। रविवार को नायब तहसीलदार के साथ ही कानून-गो प्रमोद कुमार, लेखपाल रोशन लाल व अजीत द्विवेदी पालिका की जेसीबी लेकर पंहुचे और कृष्ण कुमार के छपाई कारखाने व विजय व भानू के मकान को ध्वस्त कर दिया। फर्रुखाबाद में बीते लगभग चार दशक से कब्रिस्तान की भूमि के अतिक्रमण को रविवार को बुलडोजर हारून बख्श ब्यूरो चीफ फर्रुखाबाद दैनिक क्यों ना लिखूं सच की मदद से ढहा दिया गया।

इस धवस्तिकरण के दौरान जिला प्रशासन ने दो मकान और एक कारखाना भी ध्वस्त किया। दरअसल, शहर के बूरवाली गली निवासी मो. हुसैन रिजवी श्याम नगर स्थित कब्रिस्तान के मुतबल्ली हैं। उसी कब्रिस्तान की भूमि पर कृष्ण कुमार व उनके भाई शिवम ने तकरीबन चार दशक से मकान बना कर रह रहे थे

## शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा-बांदा जनपद के तिंदवारी थाना अंतर्गत आने वाले बेंदा काली देवी मंदिर के पीछे यमुना नदी के किनारे झाड़ियों में एक 38 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। खेतों की कटाई कर रही महिलाओं ने देख सोर मचाया आवाज सुन अन्य किसान भी एकत्र हो गए। किसानों ने पूर्व प्रधान विवेक कुमार सिंह को सूचना दी। उनकी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह, बेंदा घाट चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुँच गए। शव की पहचान पता करने के लिए काली देवी मंदिर में लगे माइक से एनाउंस करवाया गया। काली देवी मंदिर दर्शन करने आये कुछ लोगो ने शव देख बताया कि यह शव उनके गांव ( कोर्रा कनक, थाना ललौली फतेहपुर ) का बाबर उर्फ बउरा 38 पुत्र स्व. प्रतिपाल सिंह है।और वह अविवाहित है।शिनाक्त के आधार पर मृतक के घर सूचना दी गई। सूचना पर मृतक के भाई दिनेश ने पहुंच कर बताया 38 वर्षीय बाबर उर्फ बउरा चार भाइयों में सबसे छोटा था। जन्म से बउरा था, हम सभी के साथ खेती में हाँथ बटाता था। वह मन्दिरों में पूजा पाठ भी करवाता था। वह रविवार को साइकिल से जौहरपुर मौसिया प्रभु दयाल सिंह के यहाँ जाने की बात कह कर चला आया था। पुलिस ने भाई की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई दिनेश सिंह ने हत्या की आंशका जाहिर की है। माँ पुष्पतिया का रोरोकर बुरा हाल है।

## दहेज में पांच लाख रुपये न देने पर ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर शव काली नदी में फेंक दिया

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मृतक का फाइल फोटो

फर्रुखाबाद-मोहम्मदाबाद कोतवाली के गांव मदनपुर स्थित काली नदी में शुक्रवार को महिला का शव मिला था। पांच घंटे तक मैनपुरी जिले के थाना बेवर व मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही थी। बाद में मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में भिजवा दिया था रविवार की सुबह एटा जिले के थाना राजा का रामपुर के गांव नौगजा निवासी नेम सिंह अपने भाई किशनवीर, राघवेंद्र, प्रमोद आदि लोगों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। कपड़ों से शव की शिनाख्त अपनी पुत्री सोनी उर्फ प्रभा देवी ( 26 ) के रूप में की। नेम सिंह यादव ने बताया कि पुत्री सोनी उर्फ प्रभा की शादी मैनपुरी जिले थाना औंछा के गांव कन्हई नगला निवासी अंकित यादव के साथ 23 मई 2019 को की थी। शादी के बाद पुत्री के ससुराल वाले दहेज को लेकर खुश नहीं थे। यह लोग दहेज में पांच लाख की मांग कर सोनी उर्फ प्रभा को प्रताड़ित करते थे। मांग न पूरी होने पर 31 मार्च की रात पुत्री की हत्या कर शव गायब कर दिया। एक अप्रैल को नेम सिंह परिजनों के साथ पुत्री से मिलने ससुराल पहुंचे। वहां ससुराल वालों ने घर में घुसने नहीं दिया। नेम सिंह ने थाना औंछा में ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की। सिर पर आई गंभीर चोट से सोनी की हुई मौत सूत्रों के मुताबिक सिर में गंभीर चोट आने से सोनी उर्फ प्रभा की मौत होने की पुष्टि पोस्टमार्टम में की गई है। उसकी हत्या पांच से सात दिन पहले की गई होगी। शव काली नदी में पानी व पोस्टमार्टम हाउस मे बिना फ्रीजर के खुले में रखने से खराब हो गया था। इससे शरीर की अन्य चोटों के बारे में पता नहीं चल सका

## भूड़ा के 45 वर्षीय विश्राम सक्सेना की ट्रक से कुचल कर मौत

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



विश्राम सक्सेना का फाइल फोटो

फर्रुखाबाद-बंडा दस दिन पूर्व फर्रुखाबाद की आलू मंडी में मजदूरी करने गए गांव भूड़ा के 45 वर्षीय विश्राम सक्सेना की ट्रक से कुचल कर मौत हो गई है। सूचना पर परिवार के लोग फर्रुखाबाद रवाना हो गए हैं परिजन के अनुसार विश्राम मजदूरी कर परिवार की गुजर करते थे। दस दिन पहले वह गांव के कुछ लोगों के साथ फर्रुखाबाद की आलू मंडी में पल्लेदारी करने गए थे। वह गांव के लोगों के साथ फर्रुखाबाद के सेंट्रल जेल चौराहे के पास किराये पर रहते थे। शनिवार शाम नौ बजे वह बीड़ी लेने जा रहे थे, इस बीच चौराहे के पास वह ट्रक की चपेट में आ गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने विश्राम को लोहिया अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टर ने विश्राम को मृत घोषित कर दिया। विश्राम के साथी शुभरकन ने परिजन को मौत की जानकारी दी। परिवार के लोग फर्रुखाबाद गए हैं। पत्नी मीना देवी, पुत्र विजयपाल, पुत्री क्रांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मारपीट के आरोपी को बाजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती -सांय लगभग 21.00 बजे ग्राम बहादूरगंज थाना बाजपुर उ0सि0नगर में दो पक्षो के मध्य लडाई झगडा मारपीट आदि की घटना हो गयी थी, जिसमे समुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा थाना बाजपुर मे दिनांक 02/04/2022 को दाखिल तहरीर के आधार पर मुकदमा स्न्ङ्कक्र ह्ह 133/22 /स्र 295(ु )/323/504 ढ्ढक्कष्ट बनाम गेंदा राम पुत्र पूरन सिह निवासी बहादूरगंज थाना बाजपुर ऊधम सिह नगर आदि पंजीकृत कराया गया था , घटना से सम्बन्धित मुख्य अभियुक्त गेंदा राम उपरोक्त दिनांक घटना से फरार चल रहा था जिस कारण समुदाय विशेष मे काफी रोष व्याप्त था, फरार अभियुक्त गेंदा राम उपरोक्त को आज दिनांक 04/04/2022 को मुखबिर की सूचना पर आर0टी0ओ0 चैक पोस्ट दोराहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्त- गेंदा राम पुत्र पूरन लाल निवासी बहादूरगंज थाना बाजपुर जिला ऊ0सि0नगर उम्र 43 वर्ष

# पंतनगर के तत्वावधान में आयोजित शहीद समान समाहरोह में भाजपा विधायक शिव अरोरा मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



उधमसिंहनगर - आजादी के अमृत महोत्सव के निमित पंतनगर में यू के आर एण्ड बी स्क्वाड्रन एन. सी. सी पंतनगर के तत्वावधान में आयोजित शहीद समान समाहरोह में भाजपा विधायक शिव अरोरा मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए । इस अवसर पर आयोजनकर्ताओ द्वारा विधायक शिव अरोरा को बुके भेट कर समानित किया। वही विधायक शिव अरोरा ने आजादी के अमृत महोत्सव के निमित प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित देश की सेवा में शहीदो के आश्रित परिवारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर समानित किया। समानित होने वालों में 20 कुमाऊ रेजिमेंट के नायाब सूबेदार माधव नंद की पत्नी पुष्पा देवी , माहर रेजीमेंट के नायब हवलदार हर्ष सिंह सेना मेडल पुत्र धर्मेंद्र रौतेला एव 3 जैक राइफल के राइफलमैन भरत चंद सेना मेडल के भांजे ठाकुर चंद को स्मृति चिन्ह भेंट कर समानित किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा देश की रक्षा के लिये शहीद हुए समस्त शहीदों के अदम्य साहस व पराक्रम को कभी भुलाया नही जा सकता एव मेरे लिये सौभग्य की बात है कि शहीदों के परिवारों को समानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। शिवअरोरा ने कहा सेना देश का गौरव है जिनके दिन रात बॉडर पर कड़ी मेहनत के कारण ही आज देश बहुत



सुरक्षित महसूस करता है । शिव अरोरा ने इस शहीद समान सम्हारोह को आयोजित करने के लिये सभी को बधाई दी। इस दौरान कर्नल राठौर , संजय कुमार शर्मा, सुधीर कुमार, बरित सिंह, अमन सिंह, मीना कुंदन सिंह हरीश सिंह, ए एन तिवारी, साहब सिंह मोहित कक्कड़, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

# ईशन नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से किया विधिवत पूजन,पूजन के बाद सभी ने किया किया श्रमदान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -डीएम और क्षेत्रीय विधायक और जन प्रतिनिधियों ने ईशन नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से किया विधिवत पूजन,पूजन के बाद सभी ने किया किया श्रमदान आज जिले के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईशन नदी के जीर्णोद्धार कार्य का किया गया शुभारंभ एटा जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी सहित किसान भाईयों ने फावड़ा चलाकर किया श्रमदान, ईशन नदी की साफ सफाई के उपरान्त खुलेंगे जलश्रोत, नदी में उपलब्ध हो सकेगा पर्याप्त पानी-जिलाधिकारी निधौलीकलां विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम किशोरपुर नगला गोदी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत ईशन नदी के जीर्णोद्धार के लिए पुनरोद्धार कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, एमएलसी आशीष कुमार यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन, जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, सीडीओ डा0 अवधेश कुमार वाजपेयी सहित अन्य अधिकारियों और क्षेत्रीय जनसामान्य व किसान भाईयों सहित अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने ईशन नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से फावड़ा चलाकर किया श्रमदान,जिलाधिकारी ने कहा कि ईशन नदी की कुल लम्बाई लगभग 317 कि0मी0 है, इसका उद्गम स्थल एटा से 14 कि0मी0 दक्षिण पश्चिम की ओर नगला सुजान गॉव के पास सिकन्दराराऊ नाले के टेल पर है, साथ ही ईशन नदी अपने उद्गम स्थल से जनपद एटा, मैनपुरी, कन्नौज, कानपुर नगर से होकर गुजरती है। ईशन नदी का आउटफाल जनपद कानपुर नगर के बिलहोर कस्बे से कन्नौज की तरफ जी0टी0 रोड पर बने पुल से लगभग 5 कि0मी0 नीचे गंगा नदी में है,ईशन नदी का कुल कैचमेंट एरिया 3015 कि0मी0 स्क्वायर है

# जनभागीदारी शुल्क कम करने डॉ भवँर सिंह पोर्ते शा.महाविद्यालय पेन्ड्रा को सौपा गया ज्ञापन



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेन्ड्रा डॉ भँवर सिंह पोर्ते शासकीय महाविद्यालय पेन्ड्रा में जनभागीदारी शुल्क को कम करने के लिए ज्ञापन सौंपा ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष रियांश सोनी ने बताया कि पूर्व में जनभागीदारी शुल्क नियमित एवम स्वाध्यायी छात्रों से 300 रुपये लिया जाता रहा है जिसे बढ़ा कर 500 कर दिया गया यह महाविद्यालय जी.पी.एम जिले का संख्या की दृष्टिगत से सबसे बड़ा महा विद्यालय है यहां लगभग 4000 से 5000 बचे परीक्षा में बैठते है महाविद्यालय में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र ग्रामीण अंचल से आते है जिसको देखते हुए कॉलेज के नए सत्र से 2022--23 से कॉलेज की जनभागीदारी शुल्क को कम किया जाय जिसको लेकर आज महाविद्यालय में प्राचार्य और जनभागीदारी अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रियांश सोनी शशांक शर्मा ह्रस्ढ्ढ सोनू गोल्डी दानिश सैफ **nsui** कार्यकर्ता उपस्थित रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


# 120 नशीले इंजेक्शन के साथ 01 व्यक्ति एडीटीएफ ने किया गिरफ्तार



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उधमसिंहनगर - पुलिस की नशे के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी,120 नशीले इंजेक्शन के साथ 01 व्यक्ति एडीटीएफ उधमसिंहनगर की गिरफ्त में। श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय उधम सिंह नगर के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन श्री परवेज अली महोदय के निर्देशन नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एडीटीएफ/कोतवाली रुद्रपुर पुलिस जनपद उधम सिंह नगर द्वारा थाना रुद्रपुर क्षेत्र अंतर्गत नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एडीटीएफ उधम सिंह नगर द्वारा दिनांक 03 /04 /22 को नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना रुद्रपुर रमपुरा से 120 नशीले इंजेक्शन प्रतिबंधित के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना रुद्रपुर में मुक़दमा द्धद्बह्र 212/2022, धारा 8/21/22/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया नाम पता अभियुक्त -1- करन कुमार उर्फ करना पुत्र मोहनलाल निवासी नियर सुदामा पार्क रमपुरा कोतवाली रुद्रपुर

# आजम खां के करीबी सीओ आले हसन को तगड़ा झटका, तीन और मामलों में अग्रिम जमानत खारिज



सपा नेता आजम खां के करीबी रिटायर्ड सीओ आले हसन को कोर्ट ने फिर झटका दिया है। कोर्ट ने उनके खिलाफ अजीमनगर थाने में जमीन कब्जाने के आरोप में दर्ज तीन और मामलों में अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दी है। इस समय वह जमानत पर बाहर चल रहे हैं। अब तक उनकी 13 मामलों में अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। आलियागंज के किसानों ने वर्ष 2019 में यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था कि सपा शासनकाल में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के लिए उनकी जमीनों का जबरन बिना पैसा दिए बैनामा करा लिया। आरोप था कि उस समय के थानाध्यक्ष रहे कुशलवीर ने उन लोगों को अवैध रूप से हवालात में बंद रखा। तत्कालीन सीओ आले हसन ने भी किसानों का उत्पीड़न किया और रंजिशन झूठे मुकदमों में फंसाया। पुलिस पर उनके साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया था। इन आरोपों के साथ आलियागंज के किसानों ने अजीमनगर थाने में 27 मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें सपा विधायक आजम खां, आजम खां की पत्नी और पूर्व विधायक डॉ. तजीन फात्मा, विधायक अब्दुल्ला आजम और रिटायर्ड सीओ आले हसन सहित कई लोगों को नामजद किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। रिटायर्ड सीओ ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से एमपी-एमएलए कोर्ट (सेशन ट्रायल) में तीन अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किए। मामलों में आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल हो चुका है। लिहाजा, अग्रिम जमानत मंजूर न की जाए, जबकि, बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल के खिलाफ पत्रावली पर साक्ष्य नहीं हैं और उन्हें राजनैतिक रंजिश के तहत झूठा फंसाया गया है। एडीजीसी कमल गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आले हसन के अधिवक्ता की ओर से दाखिल किए गए तीन अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिए हैं। इस तरह अब तक 13 मामलों में अग्रिम जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है।

## संभाग स्तरीय जनजातीय नृत्य महोत्सव: डंडा नृत्य विधा में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- जनजातीय अनुसंधान केंद्र द्वारा जनजातीय नर्तक दलों का चयन करने के लिए विगत दिवस प्रार्थना सभा भवन, खारंग जल संसाधन संभाग परिसर बिलासपुर में संभाग स्तरीय जनजातीय नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में डंडा नृत्य विधा में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संभाग स्तरीय जनजातीय नृत्य महोत्सव में जिले के आदिवासी डंडा नृत्य दल से श्री अजीत लहरी सहित 30 सदस्यीय दल ने भाग लिया जिन्हें प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## क्लेक्टर ने दिव्यांग जगदीश को प्रदाय किया बैटरी चलित ट्राइसाइकिल



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- क्लेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट में दिव्यांग श्री जगदीश को बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया। जगदीश प्रसाद कश्यप ग्राम सिवनी विकासखंड मरवाही के निवासी हैं, वे दोनों पैर से 95 प्रतिशत अस्थिबाधित हैं, उन्हें समाज कल्याण विभाग की योजना के तहत ट्राइसाइकिल दिया गया। क्लेक्टर ने जगदीश को पेंशन, यूडीआईडी कार्ड एवं राशन कार्ड बनाने के निर्देश विभगीय अधिकारियों को दिए।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया ''स्कूल चलो अभियान'' का शंखनाद



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -''शिक्षा हर बच्चे का अधिकार, उज्वल भविष्य का आधार'' के सपने को साकार करने के उद्देश्य से 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन कराये जाने के उद्देश्य से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने वासंतिक नवरात्र के तीसरे दिन भगवान गौतम बुद्ध की तपोस्थली आकांक्षात्मक जनपद श्रावस्ती के संविलियन विद्यालय जयचंदपुर कटघरा से ''स्कूल चलो अभियान'' का शुभारम्भ करते हुए प्रतीकात्मक रूप से 05 बच्चों का नामांकन कर उन्हें सामग्री का वितरण किया तथा आपरेशन सक्षम के तहत रू. 04 करोड़ की लागत से 300 स्मार्ट कक्षाओं का लोकार्पण, प्रधानाध्यापकों को एल.ई.डी. का वितरण, छात्र नामांकन बढ़ाये जाने का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करने वाले प्रधानाध्यापकों को सम्मानित करने के साथ-साथ 03 दिव्यांग बच्चों को एलिम्को कानपुर के सहयोग से सहायक उपकरण, 02 प्रधानाध्यापकों को पुस्तकों के सेट का वितरण किया तथा विद्यालय के बच्चों को अपने हाथों से भोजन भी परोसा। इससे पूर्व स्कूल प्रागंण पहुँचने पर शंखनाद द्वारा मा. मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया तदोपरान्त परीषदीय विद्यालय के शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। जबकि कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय गिलौला की छात्राओं द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूल कटकुइयां कला की थारू जनजाति की छात्राओं द्वारा जिम्नास्टिक कला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) संदीप सिंह, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, आयुक्त देवीपाटन मण्डल एम.पी. अग्रवाल, डीआईजी उपेन्द अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना आईएएस सहित अन्य अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा सहित अन्य पाटी पदाधिकारीगण, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं व आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि ''स्कूल चलो अभियान'' के अन्तर्गत विद्यालयों में नामांकन हेतु अर्ह किन्तु विद्यालय में नामांकित न होने वाले बच्चों की पहचान के लिए हाउस होल्ड सर्वे किया जाए तथा प्रत्येक विकास खण्ड, ग्राम, मोहल्ला/वार्ड को इससे आच्छादित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई घर छूट न जाय। हाउस होल्ड सर्वप्रथम ऐसी बस्तियों में किया जाय जहाँ कठिन परिस्थितियों में अपवंचित वर्ग के



बच्चे निवास कर रहे हैं। ऐसे छात्र-छात्राओं का विवरण बाल गणना पंजिका में अंकित किया जाए तथा इनका नामांकन विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान नवीन शैक्षिक सत्र के दृष्टिगत विद्यालय में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल एवं क्रियाशील शौचालय की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाए। मा0 मुख्यमंत्री जी ने अभिभावकों से अपील किया कि ड्रेस, जूता, मोजा इत्यादि के लिए खाते में धनराशि प्राप्त होते ही बच्चों के लिए अनिवार्य रूप से सामग्री का क्रय करें, ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त जनप्रतिनिधिगण व नागरिक एक-एक स्कूल गोद लें, हम-सब मिलकर ही शिक्षा का सुधार कर सकते हैं। शिक्षकों के साथ जनप्रतिनिधि व नागरिक शैक्षिक सुधार पर काम करें। वहां हर बुनियादी सुविधा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा सुधरी तो आगे की शिक्षा भी दुरुस्त हो जाएगी। उन्होंने कहा वर्ष 2017 से पूर्व परिषदीय स्कूल बदहाल थे। पढ़ने-लिखने का माहौल ठीक नहीं था। इसे पटरी पर लाने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है। मिशन कायाकल्प के तहत स्कूलों की तस्वीर बदली जा रही है। हमारे स्कूल दिखने में सुंदर हो यह जरूरी है। स्कूल में व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पर भी काम किया जाए।मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेसिक शिक्षा से जुड़े प्रत्येक विद्यालय में पेयजल, टॉयलेट, स्मार्ट क्लास और फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इसके साथ ही बच्चों की यूनिफॉर्म और जूते-मोजे की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जाए। इसके लिए निजी संस्थाओं, स्कूल के पुराने विद्यार्थियों को अभियान चलाकर जोड़ा जाएगा। उन्होने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जनपदों में जहां साक्षरता की दर कम है, वहां के विद्यालयों में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर जागरूक किया जाए तथा बुनियादी सुविधाओं के लिए समयबद्ध तरीके से अभियान चलाया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प से बेसिक शिक्षा परिषद के सारे विद्यालयों को आच्छादित किया जाएगा। उन्होने निर्देश दिया कि सभी अध्यापकगण अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षा से वंचित चल रहे नौनिहालों को चिन्हित करें, और उनके परिजनों से मिलकर उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित भी करें।

# माननीय मुख्यमंत्री जी ने किया 'स्कूल चलो अभियान' का किया शुभारंभ, स्कूलों में हुआ सजीव प्रसारण



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने आज 'स्कूल चलो अभियान' का श्रावस्ती में शुभारंभ किया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के सभी परिषदीय स्कूलों में किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम संजय कम्युनिटी हॉल में किया गया जहां श्रावस्ती में सम्पन्न कार्यक्रम तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के उदबोधन का सजीव प्रसारण भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा देखा गया। संजय कम्युनिटी हॉल में इस अवसर पर उपस्थित समूह को सम्बोधित करते हुए माननीय महापौर डा. उमेंश गौतम ने कहा कि स्कूल चलो अभियान में सभी शिक्षक पूरी तनमयता के साथ कार्य करें। उन्होने कहा कि प्रदेश में सबसे बड़ा योगदान शिक्षा का ही रहता है। उन्होने कहा कि बरेली में अब स्कूलों में ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से सुधार किया गया है और अधिकांश स्कूल उच्च गुणवत्ता युक्त तैयार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल ही नहीं उच्च स्तर के शिक्षक भी अब परिषदीय स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे पूर्व महापौर डा. उमेंश गौतम ने संजय गांधी कम्यूनिटी हाल में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मा. विधायक फरीदपुर प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल , मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र मोहन गर्ग, अपर जिलाधिकारी नगर डा. आर. डी. पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विनय कुमार आदि के साथ बड़ी संख्या में अध्यापक तथा प्रथमिक विद्यालय के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। माननीय विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले की अपेक्षा प्राइमरी स्कूलों की शिक्षा के स्तर में काफी सुधार आया है। साथ ही वर्तमान में विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत उच्च स्तरीय काम हुआ है। अब कक्षाओं को भी स्मार्ट क्लास रुम के रुप में परिवर्तित कर दिया गया है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि गांव गांव में जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों को स्कूल में भेजने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज स्कूल चलो अभियान के रूप में एक बड़े अभियान की शुरुआत हो रही है जिसे हम सभी को मिलकर सफल बनाना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्कूल चलों अभियान में सभी शिक्षकों के प्रयासों से ही सफल हो सकता है, सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वांछित ना रह जाये। उन्होने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प में बरेली जनपद में लगातार अच्छे कार्य किये गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालायों में स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से छात्र/छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ मनोरंजन के भी उचित साधन उपलब्ध होने चहिये जिससे कि बच्चे का मानसिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास भी हो सके। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यह मंशा है कि अधिक से अधिक बच्चो का स्कूलों में पंजीकरण हो। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक अपने अपने विद्यालय में अभिभावकों के साथ साप्ताह में तीन बार गोष्ठी का आयोजन अवश्य करायें और बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिये प्रेरित करें। उन्होने कहा कि बरेली जनपद में छात्र छात्राओं का विद्यालय में पंजीकरण 4 लाख 10 हजार का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष 3 लाख 71 हजार बच्चों का पंजीकरण किया जा चुका है, शेष छात्र/छात्राओं के पंजीकरण हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि अधिक से अधिक अभिभावक जागरुक हों तथा अपने बच्चों को विद्यालय भेजें। कार्यक्रम के अन्त विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, कक्षा में 90 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र मोहन गर्ग, फरीदपुर विधायक प्रो श्याम बिहारी ने स्कूल चलो अभियान के 16 प्रचार वहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

## नगर पंचायत गौरेला में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थय योजना का किया गया शुभारंभ



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला - मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ योजना के माध्यम से स्लम इलाकों में रहने वाले नागरिकों के इलाज और टेस्ट मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से किया जाएगा।अब स्लम इलाकों में रहने वाले नागरिकों को इलाज एवं मेडिकल जांच के लिए कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी,यह मोबाइल यूनिट सभी स्लम इलाकों में तैनात किया जाएगा। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में डाक्टर, दवाईयां एवं खून आदि की जांच निशुल्क होगी। इसी तारतम्य में आज नगर पंचायत गौरेला में इस योजना का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री राठौर ने पूजा अर्चना कर,फीता काटकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।आज यह मोबाइल मेडिकल यूनिट वार्ड नं 01 पतेराटोला में आंरभ हुई।शुभारंभ के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री राठौर,एल्डरमेन मो नफीस, पार्षद एवं पूर्व नगर पंचायत श्रीमती संध्या राव, पार्षद अमोल पाठक, पार्षद लाल सिंह, पार्षद शिव रोहणी, पार्षद, दिलीप विश्वकर्मा, पार्षद ममता, पार्षद मोहित राजपूत,एल्डरमेन ठाकुर घनश्याम सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि गोवर्धन राठौर, पूर्व नगर उपाध्यक्ष निलेश साहू, सचिन तिवारी, पूर्व पार्षद अहफाज नियाजी,अख्तर अली, सीएमओ विष्णु यादव, इंजीनियर ठालेंन्द्र ठाकुर,बंटी ठाकुर, विकास सिंह एवं नगर पंचायत गौरेला के कर्मचारी उपस्थित थे।